# बाढ़ के लिए तैयार रहें

**कुछ साधारण से कार्य जीवन बचा सकते हैं**

## आपके लिए स्थानीय बाढ़ से ख़तरा

हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बाढ़ आने का लम्बा इतिहास है

जब भारी वर्षा होती है तो पाँच प्रमुख नदियों का पानी बहकर बाढ़ के क्षेत्र में चला जाता है। एबेनेज़र से स्पेंसर तक लगभग 80 किलोमीटर लम्बी संकीर्ण घाटियों से होकर समुद्र तक पहुँचने में इस पानी की गति धीमी हो जाती है। इसका अर्थ है कि बाढ़ का पानी वापस लौटकर आ सकता है और तेजी से ऊपर चढ़ सकता है, जिससे व्यापक, गहरी और ख़तरनाक बाढ़ आ सकती है।

बाढ़ के पानी में मलबे, बिजली के तार, प्रदूषित करने वाले तत्व और गंदे नाले जैसे छिपे हुए ख़तरे होते हैं। बाढ़ में पुल कट सकते हैं, सड़कें बंद हो जाती हैं, सार्वजनिक परिवहन मार्ग बाधित हो जाते हैं, बिजली चली जाती है और मोबाइल फ़ोन और इंटरनेट कनेक्शन बाधित हो जाते हैं।

बाढ़ग्रस्त हो जाने वाले क्षेत्रों में रहने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह आवश्यक है कि वे तैयार रहें। अधिक जानकारी के लिए देखें **www.myfloodrisk.nsw.gov.au**

## बाढ़ से पहले तैयारी कैसे करें

✓ **जानें कि नवीनतम जानकारियाँ और चेतावनियाँ कहाँ से प्राप्त की जा सकती हैं**

- स्थानीय मौसम की नवीनतम जानकारी के लिए मौसम विज्ञान ब्यूरो (Bureau of Meteorology)
- बाढ़ों और तूफ़ानों के बारे में जानकारी के लिए NSW राज्य की आपातकालीन सेवा (NSW State Emergency Service) (NSW SES)
- आपातकाल में आधिकारिक ब्रॉडकास्टर के रूप में एबीसी रेडियो

✓ **'जाने के लिए तैयार रहें' ('Get Ready to Go') किट तैयार करें**

**किट में क्या रखें:**

1. स्वास्थ्य-देखभाल की वस्तुएँ जैसे कि दवाएँ व दवाओं के पर्चे
2. अपने महत्वपूर्ण काग़ज़ातों (की कॉपियाँ छपे हुए काग़ज़ों के रूप में या डिजिटली स्टोर करके)
3. महत्वपूर्ण क़ीमती सामान और यादगार चीज़ें
4. महत्वपूर्ण फ़ोन नम्बर
5. रेडियो, टॉर्च, फ़ोन चार्जर व बैटरियाँ
6. कपड़े व व्यक्तिगत वस्तुएँ

✓ **छोड़ कर जाने (evacuation) के लिए योजना बनाएँ**

पता करें कि आप कहाँ जाएँगे, आप वहाँ कैसे पहुँचेंगे, बाहर निकलने के (evacuation) कौन से मार्गों से आप जा सकते हैं, अपने पशुओं का क्या करेंगे, और आप अपने स्वास्थ्य का प्रबंधन किस प्रकार करेंगे

✓ **अपनी योजना को साझा करें**

अपने रिश्तेदारों, मित्रों और पड़ोसियों से बात करें कि यदि आपको छोड़ कर जाना पड़ा तो आप क्या करेंगे

## बाढ़ के दौरान क्या करें



**NSW SES की बाढ़ संबंधी सलाहों व आपातस्थिति संबंधी चेतावनियों का पालन करें**

- बाढ़ के बारे में नवीनतम सूचना और सलाह के लिए अपने स्थानीय एबीसी रेडियो स्टेशन को सुनें
- NSW SES की सलाह का पालन करें। यदि आपको छोड़ कर चले जाने के लिए कहा जाता है, तो बहुत देर हो जाने तक प्रतीक्षा न करें




**अपनी 'जाने के लिए तैयार रहें' ('Get Ready to Go') किट अपने साथ ले लें**

- इसमें दवाएँ, दवाओं के पर्चे व कोई भी सहायक उपकरण इसमें होने चाहिए



**अपने पशुओं को साथ ले जाएँ**

- या तो उनके पट्टे बाँधे या वाहनों में ले जाएँ
- भोजन, दवा और पंजीकरण/टीकाकरण संबंधी दस्तावेज़ ले लें



**पता करें कि आपको कहाँ जाना है**

- छोडकर जाने के बारे में दी जा रही सलाहों का पालन करें और ट्रैफ़िक के बारे में सीधे प्रसारित की जा रही जानकारी को मालूम करें
- यदि आपके लिए संभव हो तो बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से बाहर रहने वाले रिश्तेदारों या मित्रों के यहाँ चले जाएँ
- आपातकाल के समय आधिकारिक निकासी (evacuation) केंद्रों की घोषणा की जाएगी



**एक दूसरे का ध्यान रखें**

परिवार, मित्रों और पड़ोसियों के साथ जानकारी साझा करें। एक दूसरे की सहायता करें विशेष रूप से उन लोगों की जिन्हें सहायता की आवश्यकता हो सकती है

## जानकारी कहाँ से प्राप्त करें

### देखने के लिए उपयोगी वेबसाइटें और डाउनलोड करने के लिए फ़ोन ऐप्स

- स्थानीय मौसम की नवीनतम जानकारी: **www.bom.gov.au** तथा ब्यूरो ऑफ़ मीटिअरॉलॉजी ऐप
- स्थानीय एबीसी रेडियो फ़्रिक्वैंसी: **https://reception.abc.net.au** व एबीसी लिसिन ऐप (ABC Listen app)
- बाढ़ एवं तूफ़ान के बारे में नवीनतम जानकारी: **www.ses.nsw.gov.au** **www.facebook.com.au/NSW.SES**
- अपने पशुओं के लिए योजना बनाएँ: **www.getreadyanimals.nsw.gov.au**
- ट्रैफ़िक की सीधी जानकारी: **www.livetraffic.com** तथा लाइव ट्रैफ़िक ऐप

## सहायता चाहिए?

### बाढ़ के दौरान आपातस्थितियों में सहायता के लिए NSW SES को 132 500 पर फ़ोन करें

### जीवन के लिए ख़तरे वाली सभी आपातस्थितियों के लिए तीन ज़ीरो (000) पर फ़ोन करें

- सुनने/बोलने में कठिनाई है SMS NRS: 0423 677 767
- इंटरनेट प्रसारण (Relay): **https://internet-relay.nrscall.gov.au**
- यदि आप बेघर हैं तो **Link2Home** को **1800 152 152** पर फ़ोन करें
- यदि दुभाषिए की आवश्यकता है तो आपात सेवाएँ अनुवाद सेवाएँ प्राप्त हो सकती हैं

## मेरे महत्वपूर्ण संपर्क

### आपातस्थिति में आप को किस से संपर्क करना होगा?

(उदाहरण के लिए, आपातस्थिति में संपर्क, रिश्तेदार, मित्र, डॉक्टर, फ़ार्मेसिस्ट, देखभालकर्ता, सहायक कार्यकर्ता, Link2Home - लिंक2होम)

**नाम:** ........................ **फ़ोन:** ........................

**नाम:** ........................ **फ़ोन:** ........................

**नाम:** ........................ **फ़ोन:** ........................

**नाम:** ........................ **फ़ोन:** ........................

**नाम:** ........................ **फ़ोन:** ........................

## मेरी जाँच सूची

### मैं तैयार हूँ क्योंकि:

| | ✓ |
|---|---|
| → **मुझे पता है कि मौसम की नवीनतम जानकारी, चेतावनियों और सलाहों के बारे में जानकारी कहाँ से मिल सकती है** | ☐ |
| → **मुझे पता है कि छोड़ कर चले जाने के समय मुझे कहाँ जाना है और वहाँ कैसे पहुँचना है** | ☐ |
| → **मुझे पता है कि मुझे अपने साथ क्या ले जाना है** | ☐ |
| → **मैंने अपने परिवार से इस बारे में बात की है कि यदि हमें छोड़ कर जाना पड़ा तो हम क्या करेंगे?** | ☐ |
| → **मेरे पास अपने पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए योजना है** | ☐ |
| → **मुझे पता है कि मैं अपने स्वास्थ्य का प्रबंधन किस प्रकार करूँगा/करूँगी** | ☐ |
| → **मैंने अपनी योजना के बारे में अपने रिश्तेदारों, मित्रों व पड़ोसियों से चर्चा कर ली है** | ☐ |
| → **मेरे पास महत्वपूर्ण नम्बरों की सूची तैयार है** | ☐ |